दैनिक भास्कर, नई दिल्ली, गुरुवार, 16 मई, 2019

नोएडा-ग्रेनो के बीच ओखला पक्षी विहार से कनेक्टिविटी बनाने की है योजना

नोएडा| नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच आवाजाही करने में एक्वा लाइन मेट्रो से ज्यादा समय लगने को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नई प्लानिंग बना रहा है। इसके तहत अभी नोएडा से ग्रेटर नोएडा जाने में 50 मिनट को कम करने के लिए ओखला पक्षी विहार मेट्रो स्टेशन को एक्वा लाइन के सेक्टर-142 से जोड़े जाने की योजना है। ऐसा करने से नोएडा से मेट्रो की कनेक्टिविटी 30 मिनट में हो जाएगी और किराया भी कम हो जाएगा। वहीं, अभी मेट्रो का नोएडा से ग्रेटर नोएडा जाने का 50 रुपए किराया है जबकि अगर कोई बॉटेनिकल गार्डन से बस लेकर ग्रेटर नोएडा जाता है तो महज 27 रुपए में पहुंच जाता है। इसलिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आगामी बोर्ड बैठक में ओखला पक्षी विहार से सेक्टर-142 के बीच कनेक्टिविटी को लेकर योजना ला सकता है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में कई साल पहले ऐसी योजना पर चर्चा हुई थी लेकिन मंजूरी नहीं मिल पाई थी। अब नोएडा-ग्रेनो चलने के बाद आबादी की बसावट नहीं बढ़ने को देखते हुए पुरानी योजना पर चर्चा होने लगी है। पुरानी योजना के अनुसार ओखला पक्षी विहार से सेक्टर-142 के बीच की कुल लंबाई करीब 11 किमी होगी और 6 मेट्रो स्टेशन बनेंगे।